

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
Ist ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 1 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 1 दिसंबर का इतिहास

- 1965 : सीमा सुरक्षा बल की स्थापना हुई।
- 1959 : बाहरी अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया।
- 1933 : कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
- 1991 : एड्स जागरूकता दिवस की शुरूआत हुई।
- 1640 : स्पेन से 60 वर्षो की गुलामी के बाद पुर्तगाल स्वतंत्र हुआ।
- 1963 : नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
- 1976 : अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।

## 1 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- जी-20 की पहली शेरपा बैठक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक 4 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होगी। इसका उद्देश्य जी-20 सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग और मित्रता को बढ़ावा देना है। जी-20 शिखर सम्मेलन की शेरपा बैठक मुख्य जी20 शिखर सम्मेलन से पहले सरकार के प्रतिनिधियों की प्रारंभिक बैठक है। इसमें संभावित समझौतों को लेकर सदस्य देशों के बीच चर्चा होगी। लेकिन अंतिम निर्णय जी20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्षों द्वारा लिए जाते हैं। मुख्य जी20 शिखर सम्मेलन से पहले, शेरपा बैठक यह सुनिश्चित करती है कि अंतिम शिखर सम्मेलन में बड़े राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के लिए आवश्यक समय और संसाधन हों।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि देश भर के 39 स्कूलों को 2021-22 शैक्षणिक सत्र के लिए स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार के लिए 8.23 लाख प्रविष्टियां आई थी। चयन समिति की तरफ से इनमें से 39 स्कूल सम्मान हेतु चुने गए थे। इनमें 28 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल जबकि 11 निजी स्कूल हैं।
- टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी की गई इस साल की ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी यूनिवर्सिटी रैंकिंग एंड सर्वे रिपोर्ट में कुल सात भारतीय संस्थानों को जगह मिली हैं। टॉप 100 में तीन भारतीय संस्थान शामिल थे। जारी की गई रैंकिंग के अनुसार आईआईटी दिल्ली ने 29वां स्थान हासिल किया है, उसके बाद आईआईएससी बैंगलोर 58वें स्थान और आईआईटी बॉम्बे 72वें स्थान पर है।
- केनरा बैंक ने नेशनल ई-गवर्नेस सर्विस लिमिटेड के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करने के साथ डिजिटल बैंकिंग में कदम रखा है। केनरा बैंक अब बैंक गारंटी के एपीआई आधारित डिजिटल वर्कफ्लों की पेशकश करेगा जो भौतिक बीमा, मुद्रांकन, सत्यापन और कागज आधारित रिकॉर्ड रखरखाव को समाप्त कर देगा।
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने 8वें फिक्की उच्च शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में राजेंद्र सिंह पवार, अध्यक्ष और संस्थापक, एनआईआईटी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2022 से सम्मानित किया।
- पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनने वाली है। 10 दिसंबर के लिए होने वाले चुनाव में शीर्ष पद के लिए वह अकेली उम्मीदवार बनकर उभरीं। वह आईओए के 95 साल के इतिहास में प्रमुख बनने वाली पहली ओलंपियन और पहली अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता भी होंगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अजय पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष होंगे। वह इस पद के एकमात्र उम्मीदवार भी हैं। पीटी उषा कई एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से PSLV-C54 रॉकेट लॉन्च किया। यह रॉकेट अपने प्राथमिक पेलोड के रूप में एक अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट या ओशनसैट और 8 नैनो उपग्रहों सहित प्रक्षेपित किया गया। इसरो के अनुसार उपग्रह से प्राप्त विशिष्ट डेटा का उपयोग सरकारी विभागों द्वारा किया जाएगा।
- बेंगलुरू में रेडेकॉन 2022 सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ACCE यानी एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स द्वारा आयोजित किया गया व कर्नाटक सरकार के योजना, कार्यक्रम निगरानी और सांख्यिकी विभाग द्वारा समर्थित था। इसमें कार्बन फुटप्रिंट को कम करने हेतु महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग करने का संकल्प लिया गया।
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को देश के नए सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान में सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में सेना के पास काफी शक्ति है। लेफ्टिनेट जनरल मुनीर ने दो सबसे शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस ओर मिलिट्री इंटेलिजेंस के प्रमुख के रूप में काम किया है, लेकिन ISI प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल अब तक का सबसे छोटा क्यों कि उनकी जगह आठ महीने के भीतर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने ले ली थी।
- आयुष बाजार 3 अरब अमरीकी डॉलर से बढ़कर 18 अरब अमरीकी डॉलर के स्तर पर पहुंचा।
- तेलंगाना के निशांत और ओडिशा की तन्वी ने एकल खिताब जीते।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 30 नवंबर (B) 1 दिसंबर
(C) 3 दिसंबर (D) 4 दिसंबर

**(B)** विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन सभी लोगों को एड्स के बारे में जागरूक किया जाता है। विश्व एड्स दिवस का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, और इस बीमारी से जिसकी मौत हो गई है उनका शोक मनाना है। विश्व एड्स दिवस वर्ष 1988 से हर साल मनाया जा रहा है।




**2. सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 दिसंबर (B) 2 दिसंबर
(C) 4 दिसंबर (D) 5 दिसंबर

**(A)** सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस बार 58वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल की स्थापना 1 दिसंबर 1965 को मौलिक रूप से पाकिस्तान तथा बांग्लादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को सुरक्षित बनाने के लिए की गई थी।




**3. हर घर गंगाजल परियोजना का शुभारंभ किस राज्य के मुख्यमंत्री ने राजगीर में किया?**

(A) केरल (B) ओडिशा
(C) छत्तीसगढ़ (D) बिहार

**(D)** हर घर गंगाजल परियोजना राज्य के सूखे क्षेत्रों में नल पर गंगा जल उपलब्ध कराने की एक पहल है। इससे मानसून के मौसम में गंगा के अतिरिक्त पानी का संचयन करने में मदद मिलेगी। पानी को पहले राजगीर और गया के जलाशयों में संग्रहित किया जाएगा। इसके बाद इसे तीन उपचार और शोधन संयंत्रों में भेजा जाएगा।




**4. हाल ही में भारत कहां संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों के लिए हेलीकॉप्टर भेजेगा?**

(A) ओमान (B) रोमानिया
(C) माली (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारत माली में संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों के लिए हेलीकॉप्टर भेजेगा। माली में संयुक्त राष्ट्र मिशन में भारत की एक यूटिलिटी हेलीकॉप्टर इकाई को तैनात किया जाएगा जो शांतिरक्षण बलों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। हाल ही में कई देशों ने मिशन से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की है।



**5. हाल ही में किसने इंडिया: द मदर ऑफ डेमोक्रेसी पुस्तक का विमोचन किया ?**

(A) धर्मेंद्र प्रधान (B) विराट कोहली
(C) अमित शाह (D) नरेंद्र मोदी

**(A)** हाल ही में केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद द्वारा तैयार और प्रकाशित पुस्तक इंडिया: द मदर ऑफ डेमोक्रेसी का विमोचन किया। आईसीएचआर के अध्यक्ष प्रोफेसर रघुवेंद्र तंवर और आईसीएचआर के सदस्य सचिव प्रोफेसर उमेश अशोक कदम भी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह पुस्तक सभ्यता की शुरूआत से ही भारत में निहित लोकतांत्रिक लोकाचार को प्रदर्शित करने का एक प्रयास है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. संविधान में 12वीं अनुसूची किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ी गई थी?**

(A) 73वाँ (B) 74वाँ
(C) 75वाँ (D) 76वाँ

**(B)** भारतीय संविधान की एक विशेषता लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण है। इसके लिए शासन के लिए तीसरे स्तर को 73वें और 74वें संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया है। संविधान की 12वीं अनुसूची ओर अनुच्छेद 243W नगरपालिकाओं से संबंधित है। इसमें नगरपालिकाओं से संबंधित 18 विषय है।




**7. हाल ही में चर्चित शंघाई सहयोग संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है ?**

(A) बीजिंग (B) शंघाई
(C) जकार्ता (D) कुआलालंपुर

**(A)** हाल ही में भारत ने शंघाई सहयोग संगठन की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की है। भारत 2023 में इस संगठन के अध्यक्ष के रूप में एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। हाल ही में समरकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन इसका 22वां वार्षिक शिखर सम्मेलन था।




**8. हाल ही में किस राज्य में राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना रबी 2022-23 लागू की जा रही है ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश
(C) हरियाणा (D) पंजाब

**(A)** राजस्थान में राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना रबी 2022-23 लागू की जा रही हैं। इसके तहत किसानों को उच्च गुणवता के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना का संचालन राजस्थान राज्य बीज निगम की और से यह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में प्रमाणित बीजों के उपयोग में बढ़ोतरी तथा प्रदेश के किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा नए विकसित उन्नत किस्मों के उच्च गुणवतायुक्त बीज उचित दर पर उपलब्ध कराना है।




**9. ग्रीन क्लाइमेंट की स्थापना किस COP में की गई थी ?**

(A) COP 16 (B) COP 17
(C) COP 18 (D) COP 19

**(A)** हाल ही में दक्षिण कोरिया ने कहा है कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों के अनुकूल बनाने में मदद करने के लिए ग्रीन क्लाइमेट फंड को $2.72 मिलियन प्रदान करेगा। पार्टियों का सम्मेलन जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।




**10. निम्नलिखित में से रिट न्यायालय द्वारा अवैध रूप से हिरासत में लिए गए व्यक्ति की रिहाई के लिए जारी की जाती है ?**

(A) प्रतिषेध (B) अधिकार पृच्छा
(C) उत्प्रेषण (D) बंदी प्रत्यक्षीकरण

**(D)** हाल ही में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि वह भारतीय क्षेत्र के बाहर रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट जारी नहीं कर सकता है। बंदी प्रत्यक्षीकरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जारी एक रिट है जो हिरासत में रखे व्यक्ति के संबंध में न्यायालय द्वारा जारी आदेश होता है। यह आदेश किसी व्यक्ति को जबरन हिरासत में रखने के विरूद्ध जारी होता है।

